# NEWS HIGHLIGHTS

स्वदेश
Powered By : Swadesh Digital

## हिन्दी दिवस पर जीएलए के शिक्षा संकाय में प्रतियोगिता



*जीएलए विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्रायें व पदाधिकारीगण।*

**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं में हिन्दी भाषा के प्रति प्रेम व सम्मान जागृत करने हेतु एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में स्वरचित व हिन्दी के महान साहित्यकारों द्वारा रचित रचनाओं के सारांश/भावार्थ प्रस्तुत किये गये। शिक्षा संकाय की प्राचार्या प्रो. कविता वर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। साथ ही प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्र निर्माण में हिन्दी के महत्व को बताया और हिन्दी की उपयोगिता एवं राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में हिन्दी के प्रचार एवं प्रसार पर बल दिया। आधुनिकता के कारण अंग्रेजी के बढ़ते अतिवाद को व्यक्त किया और कहा कि हिन्दी राष्ट्र की पहचान व भारतीयता की आत्मा है।

प्राचार्या प्रो. कविता वर्मा ने छात्र-छात्राओं को हिन्दी दिवस के महत्त्व एवं हिन्दी के इतिहास की जानकरी प्रदान की और बताया कि हिन्दी केवल एक भाषा न होकर भारत के सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, आर्थिक विकास व पुर्ननिर्माण का माध्यम रही है। स्वतंत्रता की लड़ाई में भी हिन्दी ने सभी को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया और बताया की इस प्रकार की प्रतियोगिताएं किस प्रकार शैक्षिक उन्नयन का कार्य करती हैं और बच्चों के बौद्धिक विकास में विस्तार का माध्यम बनती हैं।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में बृजभूमि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मराज ने प्रतियोगियों का मूल्यांकन किया और छात्रों को सन्देश दिया कि हमें अपनी संस्कति और अपने राष्ट्र और भाषा को कभी नहीं भूलना चाहिए यह प्रत्येक व्यक्ति का गौरव होती है। बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा अन्तिमा सिंह ने प्रथम, प्रथम वर्ष की छात्रा गीता रानी एवं द्वितीय वर्ष की छात्रा शानू अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें प्रेरित किया। संकाय के शिक्षक एवं शिक्षिका ज्योति शर्मा, प्रीती वर्मा, डॉ. दयाल संधु, संगीता गुप्ता एवं राजेश कुमार सिंह द्वारा प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

Agra Edition
15 Sep, 2019 Page No. 2

अमर उजाला 9
आगरा | शनिवार, 6 जुलाई 2019

# जीएलए विवि में बीएड कोर्स के प्रति छात्रों का रुझान बढ़ा

मथुरा। जीएलए विवि में क्वालिटी एजुकेशन के साथ-साथ बेहतर माहौल, आवासीय सुविधा, सुरक्षा के कारण शिक्षा संकाय (बीएड) के प्रति छात्र-छात्राओं का रुझान बढ़ा है। उत्तर प्रदेश में ही बीएड कोर्स दो वर्ष के हैं, जबकि अन्य प्रदेशों में यह तीन से चार वर्ष के हैं। शिक्षा संकाय (बीएड) की प्राचार्या प्रो. कविता वर्मा ने बताया है कि यहां



रिसर्च को बढ़ावा दिया जा रहा है। बेहतर कैंपस प्लेसमेंट के कारण बाहर के विद्यार्थी यहां प्रवेश ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2019 के बीएड कर चुके विद्यार्थी अब विभिन्न सरकारी, अर्द्ध सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में पढ़ा रहे हैं। बीएड प्रशिक्षु पिंकी सिंह और जतिन दीक्षित का कहना है बीएड करने के बाद वह एमएड करेंगे।

हिन्दुस्तान 02
आगरा • गुरुवार • 28 मार्च 2019 •

# बीएड के 20 छात्र-छात्राएं नौकरी के लिए चयनित

मथुरा | हिन्दुस्तान संवाद




जीएलए विवि में बीएड के चयनित छात्र-छात्राएं एवं विभाग के पदाधिकारी। • हिन्दुस्तान

जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय (बीएड) में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अंतिम सेमेस्टर पूर्ण होने से पूर्व संकाय द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से विभिन्न जनपदों के सीबीएसई बोर्ड से ख्याति प्राप्त पब्लिक स्कूलों में नौकरी मिली है।

सीबीएसई स्कूलों के प्रशासनिक अधिकारियों ने विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया। छात्र-छात्राओं ने लिखित व मौखिक परीक्षा में अपने हुनर को दर्शाया और 20 से अधिक छात्र-छात्राओं ने कामयाबी हासिल की और विभिन्न स्कूलों में प्रशिक्षुओं को नौकरी का अवसर मिला। प्रथम चरण में कान्हा माखन, चंदनवन पब्लिक स्कूल, केआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल, आदर्श विद्या मन्दिर सीनियर सेकेंन्डरी स्कूल कोसी, सीएसआरवी विद्या आश्रम, न्यू प्रोग्रेस पब्लिक स्कूल वृंदावन, राजकमल पब्लिक स्कूल सिकन्दराराऊ हाथरस, पीपीएल इण्टरनेशनल स्कूल डीग भरतपुर, आर्यन्स स्कूल कठूमर अलवर एवं विद्यास्थली पब्लिक स्कूल खेरली अलवर आदि विद्यालयों ने कैंपस प्लेसमेंट कर विश्वविद्यालय के प्रशिक्षुओं को नौकरी का अवसर प्रदान किया।

चयनित छात्रों में शिखा मिश्रा, अकांक्षा शाक्य, दिलीप सिंह, पूजा कुमारी, पिंकी सिंह, काजल गुप्ता, महिमा चौधरी, खुशी, दीपक शर्मा, राहुल, कपिल, सुभाश, जतिन दीक्षित, कल्पना, रेनू चौधरी आदि का चयन हुआ है। संकाय की प्राचार्य प्रो. कविता वर्मा ने चयनित प्रशिक्षुओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। एग्जीक्यूटिव काउंसिल के सदस्य विवेक अग्रवाल ने बताया कि शिक्षा संकाय में विभिन्न विद्यालयों से आये शिक्षा के जानकारों ने सराहना की।

# खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**जागरण संवाददाता, मथुरा** : कला, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने को जीएलए विवि के शिक्षा संकाय (बीएड) में द्वि-दिवसीय आरोहन कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को हो गया। पहले दिन देर शाम तक चले कार्यक्रम में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, क्विज प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

विवि के डीन एकेडमिक प्रो. अनूप कुमार गुप्ता, शिक्षा संकाय की प्रचार्या प्रो. कविता वर्मा, विभिन्न संस्थाओं के अतिथियों ने प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में मथुरा, आगरा, हाथरस, कोसी, अलीगढ के विवि, महाविद्यालयों, विद्यालयों से प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्राचार्या प्रो. कविता वर्मा ने बताया कि नृत्य, संगीत, रंगोली भारतीय संस्कृति की पहचान होने के साथ-साथ आत्म अभिव्यक्ति का वह सशक्त साधन है। विवि के कुलपति प्रो. दुर्ग सिंह चौहान ने विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए। संकाय के शिक्षक ज्योति शर्मा, प्रीती वर्मा, डॉ. दयाल संधु, संगीता गुप्ता, राजेश कुमार सिंह, राजकुमार का सहयोग रहा।



जीएलए विवि में आयोजित आरोहन कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। साथ में प्रो . अनूप कुमार गुप्ता, डॉ . कविता शर्मा व अन्य ●

हिन्दुस्तान 02
आगरा • सोमवार • 04 फरवरी 2019 •

# खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बनाए कीर्तिमान

मथुरा | हिन्दुस्तान संवाद

जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा आयोजित कार्यक्रम आरोहन के अंतिम दिन विभिन्न जनपद व महानगरों से आये प्रतिभाशाली विद्यार्थी व शोधार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता की और अपनी प्रतिभाओं के माध्यम से नये कीर्तिमान स्थापित किये।

प्रतियोगिताओं अंतर्गत महाविद्यालय वर्ग में शॉटपुट (बालक वर्ग) में प्रथम और द्वितीय स्थान बीएसए कॉलेज के नवल प्रताप सिंह एवं नवीन ने हासिल किया। शॉट पुट (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान एमआर डिग्री कॉलेज की नीलम कुमारी एवं द्वितीय स्थान केआर गर्ल्स डिग्री कॉलेज की नन्दनी यादव प्राप्त किया। डिसकस थ्रो (बालक वर्ग) में प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान गगन अग्रवाल एमआर डिग्री कालेज एवं अवनीश कुमार श्रीजी बाबा कालेज को मिला। 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम स्थान केआर पीजी की रितु कुमारी एवं द्वितीय स्थान बीएसए कॉलेज की चंचल रानी ने हासिल किया। 400 मीटर बालिका वर्ग में केआर पीजी कॉलेज की भारती और द्वितीय स्थान एमआर डिग्री कॉलेज की पूजा गौतम को मिला। 100 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में प्रथम स्थान जीएलए विश्वविद्यालय के रामगोपाल सिंह एवं द्वितीय स्थान केआर पीजी के मोहित ने प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान केआरपीजी कॉलेज की भारती और द्वितीय स्थान आरडी कॉलेज की लक्ष्मी पचौरी ने प्राप्त किया। लम्बी जम्प (बालक वर्ग) में प्रथम स्थान केआर पीजी के मोहित एवं द्वितीय स्थान बीएसए कॉलेज के आदित्य कुमार पाल मिला। लम्बी जम्प (बालिका वर्ग) में प्रथम और द्वितीय स्थान केआर पीजी की मोहिनी कुमारी एवं कंचन ने बाजी मारी।

प्राचार्या प्रो. कविता वर्मा द्वारा प्रतियोगियों की खेलों के प्रति रूचि और उनकी खेल क्षमताओं की सराहना की। निर्णायक मंडल द्वारा विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान कर प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय के एग्जीक्यूटिव काउंसिल के सदस्य विवेक अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय मे आयोजित हुए आरोहन में छात्राओं एवं बीएड प्रशिक्षुओं की प्रतिभा निखरकर सामने आयी है। विश्वविद्यालय का शिक्षा संकाय ऐसे कार्यक्रमों का समय-समय पर आयोजन कराता रहता है। इस अवसर पर ज्योति शर्मा, प्रीती वर्मा, डॉ दयाल संधु, संगीता गुप्ता, राजेश कुमार सिंह व राजकुमार आदि थे।



जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा आयोजित कार्यक्रम आरोहण के दूसरे दिन मशाल जलातीं प्राचार्य प्रो. कविता वर्मा।

हिन्दुस्तान • आगरा • रविवार • 03 फरवरी 2019 • 04

# मेहनत व लगन का विकल्प नहीं : अनूप

## जीएलए

मथुरा | हिन्दुस्तान संवाद

कला, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में अपनी रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय (बीएड) में दो दिवसीय आरोहन कार्यक्रम का शुभारम्भ शनिवार को हो गया। पहले दिन रंगोली, पोस्टर मेकिंग एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक प्रो. अनूप कुमार गुप्ता ने बताया कि मेहनत व लगन का कोई विकल्प नहीं है। यदि छात्र-छात्राएं नित और समय सारणी के माध्यम से पाठ्यक्रम व पाठ्य सहगामी क्रियाओं को सुनियोजित रुप से अपने जीवन में पालन करें तो उन्हें सफलता व उपलब्धि अर्जित करने से कोई भी नहीं रोक सकता। प्रतियोगिता में मथुरा, आगरा, हाथरस, कोसी व अलीगढ के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों से प्रतियोगियों की सहभागिता रही। आयोजन के प्रथम दिन पोस्टर मेकिंग, रंगोली, गायन (एकल व समूह) एवं नृत्य (भारतीय व पाश्चात्य) प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। शिक्षा संकाय की प्राचार्या प्रो. कविता वर्मा ने कला व संगीत के महत्त्व को बताते हुए इसकी शैक्षिक, व्यावहारिक व व्यावसायिक उपयोगिता को स्पष्ट किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दुर्ग सिंह चौहान द्वारा विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान कर प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर ज्योति शर्मा, प्रीती वर्मा, डा. दयाल संधु, संगीता गुप्ता, राजेश कुमार सिंह एवं राजकुमार आदि उपस्थित थे।



जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में आयोजित दो दिवसीय आरोहन में प्रस्तुति देती छात्राएं। • हिन्दुस्तान

स्वदेश
Powered By : Swadesh Digital

# जीएलए में एक स्वर से बोले प्रतिभागी, हिन्दी ही राष्ट्र की पहचान

## जीएलए विवि के शिक्षा विभाग में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता का आयोजन



*जीएलए विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बीएड के छात्र-छात्राओं को संबोधित करतीं प्राचार्या प्रो. कविता वर्मा।*

**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय (बीएड) में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं में हिन्दी भाषा के प्रति प्रेम व सम्मान जागृत करने हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें हिन्दी के महान साहित्यकारों द्वारा रचित रचनाओं के सारांश-भावार्थ प्रस्तुत किये गये।

विभाग की प्राचार्या प्रो. कविता वर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ छात्र-छात्राओं को शुभाशीष प्रदान कर किया। साथ ही प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्र निमार्ण में हिन्दी के महत्व को बताया और हिन्दी की उपयोगिता एवं राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में हिन्दी के प्रचार एवं प्रसार पर बल दिया। आधुनिकता के कारण अंग्रेजी के बढते चलन पर चिन्ता व्यक्त की और कहा कि हिन्दी राष्ट्र की पहचान व भारतीयता की आत्मा है।

प्रो. वर्मा ने छात्र-छात्राओं को हिन्दी दिवस के महत्तव एवं हिन्दी के इतिहास की जानकरी प्रदान की और बताया कि हिन्दी केवल एक भाषा न होकर भारत के सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, आर्थिक विकास व पुर्ननिर्माण का माध्यम रही है। स्वतन्त्रता की लडाई में भी हिन्दी ने सभी को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया और बताया की इस प्रकार की प्रतियोगिताएं किस प्रकार शैक्षिक उन्नयन का कार्य करती हैं जो बालकों के बौद्धिक विकास में विस्तार का माध्यम बनती हैं।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रो रवि प्रकाश दुबे एवं शिक्षा संकाय की असिस्टेंट प्रो. प्रीती वर्मा ने प्रतियोगियों का मूल्यांकन किया। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें प्रेरित किया। संकाय के शिक्षक एवं शिक्षिका ज्योति शर्मा, प्रीती वर्मा, डॉ. दयाल सिंधु, संगीता गुप्ता एवं राजेश कुमार सिंह द्वारा प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

### स्लोगन प्रतियोगिता में निखरे प्रतिभागी

मथुरा। जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में साक्षरता स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


छात्र-छात्राओं ने स्लोगनों के माध्यम से अपनी अभिव्यक्तियों को प्रस्तुत किया। शिक्षा संकाय की प्राचार्या प्रो. कविता वर्मा ने छात्र-छात्राओं को विश्व साक्षरता दिवस के महत्त्व व इसके सन्दर्भ में विश्व स्तर पर किये जा रहे कार्यों की जानकरी प्रदान की तथा बताया कि शिक्षा का कार्य समाज में ऐसे नागरिकों का निर्माण करना है जो विभिन्न शैक्षिक व नैतिक गुणों से परिपूर्ण हो।

इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बालकों में छुपी विभिन्न योग्यताओं व रूचियों को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम बनती है। प्रतियोगिता के विजेता का निर्णय जीएलए में बायोटैक्नोलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर अंजना गोयल द्वारा किया गया। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें प्रेरित किया गया।

Agra Edition
15 Sep, 2018 Page No. 2



# जीएलए के बीएड में आरोहन कार्यक्रम का खेलकूद और नृत्य के बीच हुआ समापन



*-जीएलए विश्वविद्यालय में आयोजित आरोहन के समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं विद्यालय की छात्रायें।*

**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय (बीएड) में तीन दिवसीय आरोहन का समापन बुधवार को खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य हुआ। दौड़, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, लम्बीकूद एवं ऊँचीकूद, कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस और बैडमिंटन में विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेलकूद में प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के 556 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में आयुष कुलश्रेष्ठ, शर्मा, ललित कुमार, नेहा शर्मा, पूजा, बीपी यादव, बॉबी कुमार, प्रीति देवी, दीपक कुमार, नारायन भाटी, अन्जू माथुर, राजेश, नेहा चौधरी, लक्ष्मी देवी, श्याम सुन्दर, नैना देवी, उत्रम, प्राची गोयल, अभिषेक सिंह, मेघा, श्रेय, काजल वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव अशोक कुमार सिंह ने विजयी विद्यार्थियों को ट्राफी, मेडल सर्टिफिकेट वितरित किये। बीएसए से छात्र दल के साथ आयीं डॉ. रुचि अग्रवाल ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक वातावरण एवं सहयोग की प्रशंसा की। इससे पूर्व महाविद्यालयों से आये प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रतिकुलपति प्रो. आनन्द मोहन अग्रवाल ने स्पोर्ट्स को समाज में उच्च प्रतिभाओं से युक्त व्यक्तियों की खोज का माध्यम बताया।

सामूहिक गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता में दूसरे कॉलेजों से आये छात्रों ने जमकर वाहवाही बटोरी। एकल नृत्य पाश्चात्य शैली में आरबीएस कॉलेज आगरा के आदिश और डॉ. एसपीएस वर्ल्ड कॉलेज आगरा की कोमल कश्यप ने प्रथम स्थान और एकल नृत्य भारतीय शैली में डॉ एसपीएस वर्ल्ड कॉलेज आगरा की निशा शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सामूहिक नृत्य भारतीय शैली में बैकुण्ठी देवी कन्या महाविद्यालय आगरा और सामूहिक नृत्य पाश्चात्य शैली में आर्यन इंस्टीट्यूट आगरा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

स्वदेश
आगरा, बुधवार, 7 फरवरी 2018 

# जीएलए के शिक्षा संकाय में हुआ आरोहन का शुभारंभ

**मथुरा।** कला, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में अपनी रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय (बीएड) में तीन दिवसीय आरोहन कार्यक्रम का शुभारम्भ सोमवार को हो गया। पहले दिन देर शाम तक चले कार्यक्रम में रंगोली, पोस्टर मेकिंग एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। बीएड प्रशिक्षु प्रियंका कुलश्रेष्ठ, शिखा मिश्रा, करिश्मा, आकांक्षा शाक्य और श्वेता सक्सैना ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। शिक्षा संकाय की प्राचार्या प्रो. कविता वर्मा ने मथुरा एवं आगरा एवं अन्य जनपदों से आये हुये महाविद्यालय के प्रतिनिधियों का स्वागत किया एवं उनके समक्ष तीन दिवसीय कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी रखी। प्रतियोगिता की शुरुआत रंगोली, पोस्टरमेकिंग एवं प्रश्न उत्रर प्रतियोगिता से की गई, जिसमें आगरा कॉलेज आगरा, आरबीएस कॉलेज आगरा, कृष्णा अकेडमी आगरा, आर्यन इंस्टीट्यूट एवं डॉ. एमपीएस वर्ल्ड आगरा, बीएसए कॉलेज मथुरा, केआर गर्ल्स डिग्री कॉलेज मथुरा, केआर डिग्री कॉलेज मथुरा, आरसीए कॉलेज एवं बाबू लाल डिग्री कॉलेज गोवर्धन, श्रीजी बाबा कॉलेज सैमरी छाता से आये प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रश्नोत्रर प्रतियोगिता में सैन्ट जोंस कॉलेज आगरा के टीम सदस्य भूपेन्द सिंह, रश्मि यादव, विक्रान्त सिंह और तैयव ने बाजी मारी। पोस्टर मेकिंग में बीडीआर कॉलेज आइंई की वर्षा गौतम ने प्रथम स्थान, जीएसजीएस कॉलेज आगरा और बीएसए कॉलेज मथुरा से आये निशा और धर्मेन्द्र सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में राधाकृष्ण महाविद्यालय से आयी टीम नम्बर 6 ने प्रथम स्थान और आरबीएस कॉलेज आगरा की टीम नम्बर 5 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मंगलायतन विश्वविद्यालय से आये शुभम छौंकर को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। कुलपति प्रो. दुर्ग सिंह चौहान ने अपने सम्बोधन में गुणवश्रा पूर्ण शिक्षा के लिए पाठ्क्रम में रचनात्मक कार्यों के साथ खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को शामिल कर विद्यार्थियों के बौद्धिक तथा शारीरिक विकास पर जोर दिया। डॉ. अमित कौशिक, ज्योति शर्मा, हेम कुमार, प्रीति वर्मा, रेनू चौधरी एवं शारदा शर्मा के संयोजन में रचनात्मक कार्यक्रमों का समापन हुआ। कार्यक्रम शुभारंभ संचालन दीपक शर्मा एवं महिमा चौधरी ने किया।



*जीएलए विश्वविद्यालय में आयोजित आरोहन कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते कुलपति प्रो. दुर्ग सिंह चौहान।*

आगरा/मथुरा, 7 फरवरी 2018 दैनिक जागरण 

# जीएलए विवि में 'आरोहन' का शुभारंभ

## शिक्षा संकाय में शुरू हुआ तीन दिवसीय कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रशिक्षुओं ने दिखाई प्रतिभा

**मथुरा:** कला, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में अपनी रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय (बीएड) में तीन दिवसीय 'आरोहन' कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को हो गया। पहले दिन रंगोली, पोस्टर मेकिंग एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं ने प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन किया।

शुभारंभ पर बीएड प्रशिक्षु प्रियंका कुलश्रेष्ठ, शिखा मिश्रा, करिश्मा, आकांक्षा शाक्य और श्वेता सक्सेना ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। शिक्षा संकाय की प्राचार्या प्रो. कविता वर्मा ने महाविद्यालय प्रतिनिधियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता की शुरुआत रंगोली, पोस्टर मेकिंग एवं प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता से हुई, जिसमें आगरा कॉलेज, आरबीएस कॉलेज आगरा, कृष्णा अकेडमी आगरा, आर्यन इंस्टीट्यूट एवं डॉ. एमपीएस वर्ल्ड आगरा, बीएसए कॉलेज मथुरा, केआर गर्ल्स डिग्री कॉलेज मथुरा, केआर डिग्री कॉलेज मथुरा, आसीए कॉलेज एवं बाबू लाल डिग्री कॉलेज गोवर्धन, श्रीजी बाबा कॉलेज सैमरी छाता से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता में सेंटजोंस कॉलेज आगरा की टीम के सदस्य भूपेंद्र सिंह, रश्मि यादव, विक्रांत सिंह और तैयब ने बाजी मारी। पोस्टर मेकिंग में बीडीआर कॉलेज आंझई की वर्षा गौतम ने प्रथम स्थान, जीएसजीएस कॉलेज आगरा और बीएसए कॉलेज मथुरा के निशा और धर्मेंद्र सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में राधाकृष्ण महाविद्यालय की टीम नंबर 6 ने प्रथम स्थान और आरबीएस कॉलेज आगरा की टीम नंबर 5 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मंगलायतन विश्वविद्यालय के शुभम छोंकर को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया।

कुलपति प्रो. दुर्ग सिंह चौहान ने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम में रचनात्मक कार्यों के साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को शामिल कर विद्यार्थियों के बौद्धिक तथा शारीरिक विकास पर जोर दिया। डॉ. अमित कौशिक, ज्योति शर्मा, हेम कुमार, प्रीति वर्मा, रेनू चौधरी एवं शारदा शर्मा के संयोजन में समापन हुआ। संचालन दीपक शर्मा एवं महिमा चौधरी ने किया।



जीएलए विवि मथुरा के शिक्षा संकाय (बीएड) में आरोहन कार्यक्रम के दौरान रंगोली प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार की गई विभिन्न तरह की रंगोली • जागरण

हिन्दुस्तान आगरा • शुक्रवार • 09 फरवरी 2018 • 04

# खेलकूद में 556 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

## जीएलए विवि

मथुरा | हिन्दुस्तान संवाद

जीएलए विवि के शिक्षा संकाय (बीएड) में तीन दिनी 'आरोहन' का समापन बुधवार को हो गया। इसमें विभिन्न कॉलेजों के 556 विद्यार्थियों ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

ऊंची कूद में आरबीएस कॉलेज आगरा के आयुष कुलश्रेष्ठ व आरसीए कॉलेज मथुरा की शमां ने प्रथम स्थान, जैबिलिन थ्रो में बीएसए के ललित कुमार व आरसीए की नेहा शर्मा प्रथम, लंबीकूद में श्रीजी बाबा की पूजा और आरबीएस कॉलेज के बीपी यादव प्रथम, शार्ट पुट में महाराजा कॉलेज पाली डूंगरा के बॉबी कुमार व आरसीए की शमां प्रथम, 100 मी दौड़ में आरबीएस के बीपी यादव व ईएसएस की प्रीति ने प्रथम स्थान, 200 मी में ईएसएस की प्रीति देवी और बीकेएस सौंख के दीपक कुमार प्रथम, 400 मी दौड़ में एसआरआर कॉलेज के नारायन भाटी व आसीए कॉलेज मथुरा की अंजू माथुर ने स्थान, 800 मी में आरआरएस कॉलेज के राजेश व केआर गर्ल्स कॉलेज की नेहा चौधरी प्रथम, 1500 मी में एसआरआर कॉलेज के नारायन भाटी व आरडी कॉलेज मथुरा की लक्ष्मी देवी प्रथम, 3000 मी में श्याम सुंदर व केआर गर्ल्स कालेज की नैना देवी प्रथम, 4 गुणा 100 मी में बीएसए व एमपीएस वर्ल्ड कॉलेज ने प्रथम स्थान पाया। मुख्य अतिथि एवं विवि के कुलसचिव अशोक कुमार सिंह ने विजयी विद्यार्थियों को ट्राफी, मेडल सर्टिफिकेट दिए। बीएसए से छात्र दल के साथ आईं डॉ. रुचि अग्रवाल ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक वातावरण एवं सहयोग की प्रशंसा की।

इससे पूर्व प्रतिकुलपति प्रो. आनंद मोहन अग्रवाल ने विचार व्यक्त किए।



गुरुवार को जीएलए विश्वविद्यालय के बीएड विभाग में आयोजित आरोहन कार्यक्रम में खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान ऊंचीकूद प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा।

हिन्दुस्तान आगरा • मंगलवार • 05 दिसम्बर 2017 04

# बीएड प्रशिक्षुओं ने देखे ऐतिहासिक धरोहर

## जीएलए विवि

मथुरा | हिन्दुस्तान संवाद

जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय बीएड प्रशिक्षुओं ने ग्वालियर का शैक्षिक भ्रमण कर ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन किया। प्रशिक्षुओं ने ग्वालियर में संग्रहालय, राजा मान सिंह तोमर द्वारा बनवाया गुर्जरी महल और तानसेन का मकबरा तथा सिंधिया आवासीय विद्यालय का शैक्षिक भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण से बाहर की शैक्षिक परिस्थितियों का अनुभव एवं बोध कराया गया। ग्वालियर भ्रमण के दौरान बीएड के छात्रों ने ग्वालियर के सिंधिया महल में ऐतिहासिक धरोहरों तथा प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में रानी लक्ष्मीबाई के योगदान को नजदीकी से अवलोकन किया। भ्रमण से लौटे प्रशिक्षुओं ने प्राचार्या प्रो.कविता वर्मा से अपने अनुभव साझा किए।

इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि जीएलए प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक एवं शैक्षिक ज्ञान प्रदान करने के लिए शैक्षिक भ्रमण कराता है, जिससे प्रशिक्षु अपने प्रशिक्षण के साथ- साथ व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करें और संस्कृति के बारे में जानें। इस दौरान बीएड प्रशिक्षुओं का भ्रमण डॉ.अमित , ज्योति शर्मा, प्रीति वर्मा, हेम कुमार, रेनु कुमारी के निर्देशन में हुआ।



जीएलए विश्वविद्यालय के बीएड प्रशिक्षु ग्वालियर में एतिहासिक धरोहरों के बारे में जानकारी लेने पहुंचे। इस दौरान प्रशिक्षुओं के साथ बीएड के शिक्षक। • हिन्दुस्तान

### विद्यालयों में इंटर्नशिप कर रहे बीएड प्रशिक्षु

जीएलए विश्वविद्यालय के बीएड प्रशिक्षु जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में इंटर्नशिप पूरी कर रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा बीएड के नये मानकों के तहत इस इन्टर्नशिप को विवि अन्य स्कूलों के सहयोग से पूरा कर रहा है, जिसका उद्देश्य प्रशिक्षुओं को सजीव परिस्थितियों में शिक्षण कौशलों का विकास करना है। विभागीय प्राचार्या प्रो.कविता वर्मा ने यह इन्टर्नशिप विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं विभागीय विषय विशेषज्ञ डॉ.अमित कौशिक, ज्योती शर्मा, प्रीति वर्मा एवं रेनु कुमारी तथा हेम कुमार, शारदा शर्मा के नेतृत्व में पूर्ण किया जा रहा है।

# जीएलए में बीएड के प्रति बढ़ रहा रुझान

**मथुरा**: जीएलए विवि के शिक्षा संकाय के बीएड पाठ्यक्रम को लेकर छात्रों का रुझान बढ़ रहा है। यहां की गुणवत्तापरक शिक्षा और सुविधाएं छात्रों को आकर्षित कर रही हैं।

दूसरे राज्यों के छात्र कैंपस में पढ़ने के लिए आ रहे हैं। शिक्षा संकाय की प्राचार्य प्रो. कविता वर्मा ने बताया कि हम लोग रिसर्च को बढ़ावा दे रहे हैं। छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट करा रहे हैं। उत्तर-पूर्वी सहित अन्य राज्यों से आने वाले छात्र यहां खुद को अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं। यहां अन्य पाठ्यक्रमों की तरह शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी गुणवत्तापरक है।

सत्र 2017 के प्रशिक्षण पा चुके छात्र विभिन्न सरकारी, अर्द्ध सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में शिक्षण दे रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सीटेट व यूपी टेट की परीक्षाओं में सफलता की बुलंदियों को छू रहे हैं।



प्रो. कविता वर्मा

बीएड प्रशिक्षु प्रीति शर्मा ने बताया कि यहां पर उन्हें गुणवत्तापरक शिक्षा मिल रही है। प्रशिक्षु अंकित के अनुसार बीएड करने के बाद वह एमएड करेंगे और जीएलए से पीएचडी करना पसंद करेंगे।

**शैक्षिक समस्याओं पर हुआ मंथन**: जिले के शासकीय, अशासकीय व स्ववित्तपोषित संस्थाओं के प्राचार्यों की शनिवार को जीएलए में बैठक हुई। इसमें छात्रों के प्रवेश और प्रशिक्षण से जुड़ी समस्याओं पर मंथन किया।

किस तरह छात्रों को गुणवत्तापरक व व्यवहारिक शिक्षा दी जाए, इस पर चर्चा हुई। शैक्षिक प्रणाली को पारदर्शी बनाने पर भी जोर दिया।

# GLA के पांच बीएड प्रशिक्षुओं का चयन

» तमिलनाडू के विद्या भारती सीबीएसई स्कूल में हुआ पांच प्रशिक्षुओं का चयन

**MATHRUA(10 June)**: तमिलनाडू के इरोड जिले में स्थित विद्या भारती स्कूल स्कूल ने जीएलए में कैंपस प्लेसमेंट कर पांच प्रशिक्षुओं का चयन किया है. स्कूल के पदाधिकारियों ने बीएड प्रशिक्षुओं को स्कूल की शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी प्रजेंटेशन दिखाई. उसके बाद लिखित-मौखिक परीक्षा हुई. मौखिक परीक्षा के जरिए प्रशिक्षु नताशा सिंह, गार्गी गुप्ता, ब्रजेश कुमारी, मीनू सिसौदिया और कार्तिकी अग्रवाल का प्रशिक्षित स्नातक पद पर चयन किया. नताशा सिंह ने कहा कि शिक्षा संकाय द्वारा इंडस्ट्रियल विजिट्स, गैस्ट लैक्चर्स, वर्कशॉप, ट्रेनिंग सेमिनार का लगातार आयोजन किया जाता है. कार्तिकी अग्रवाल ने अपने चयन का श्रेय जीएलए की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अपने माता-पिता को दिया. विभाग की प्राचार्या प्रो. कविता वर्मा ने कहा कि इससे पूर्व भी पांच और बीएड प्रषिक्षुओं का चयन मथुरा के एक स्कूल में हो चुका है.



कार्तिकी अग्रवाल



निताशा कुमारी



गार्गी गुप्ता



ब्रजेश कुमारी